## बीकानेर में शतरंज के मुकाबले शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। अंत्योदय नगर स्थित रमेश इंग्लिश स्कूल में सोमवार से स्कूली शतरंज प्रतियोगिता शुरू हुई है। अंडर 17 और 19 वर्ग के बॉयज और गर्ल्स की प्रतियोगिता में करीब 511 स्टूडेंट्स हिस्सा लेने पहुंचे हैं।

टूर्नामेंट के बाद चयनित खिलाड़ियों को सीकर में होने वाली राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में बीकानेर का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद के तहत अंडर 17-19 बॉयज एंड गर्ल्स के शतरंज मुकाबले सोमवार से शुरू हो चुके हैं। हालांकि द्वितीय समूह के ये मुकाबले 14 सितम्बर से शुरू होने थे लेकिन, रमेश इंग्लिश स्कूल में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का सेंटर होने के कारण एक दिन लेट मुकाबले शुरू हो रहे हैं। अब हर रोज तीन मुकाबले होंगे।

बीकानेर के रेयान स्कूल की याशिका चौधरी ने पहला मुकाबला जीत लिया है। याशिका पिछले साल गर्ल्स में स्टेट टॉपर रही थी। याशिका को विश्वास है कि वो इस बार भी जीत हासिल करेगी। इसी तरह विश्वास जोशी ने भी अपना पहला राउंड जीत लिया है। प्रतियोगिता के संयोजक व चैस कोच बुलाकी हर्ष ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए बीकानेर के करीब 600 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें सिलेक्ट होने वाले खिलाड़ियों को बीकानेर का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संबंधित स्कूल फॉर्म जमा करवाने के बाद ऑफ लाइन फाइल जमा की गई है। विभाग की ओर से इस प्रतियोगिता के लिए दर्जन भर पीटीआई की ड्यूटी लगाई गई है।

# 'शुद्धिकरण और गैर खातेदारी से खातेदारी देने के कार्य भी जोड़े'

**बीकानेर,** (कासं)। प्रदेशभर में 17 सितम्बर से ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन होने जा रहा है। जिले में अभियान की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों अधिकारियों की बैठक ली।

जिला कलेक्टर ने कहा कि रिलीफ से संबंधित जितने भी मामले लंबित चल रहे हैं। उन सभी का निस्तारण इन शिविरों में करना है। चाहे रिलीफ के पुराने मामले भी क्यों ना हो। राजस्व विभाग के अंतर्गत शुद्धिकरण और गैर खातेदारी से खातेदारी देने के

■ **जिले भर में 17 से होगा ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन**

कार्य भी जोड़े गए हैं। उन्होंने सभी एसडीएम को शिविर की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान ई-मित्र कियोस्क की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

जिला कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन सुबह 9.30 बजे से शाम 06 बजे रखा गया है। अगर शाम 06 बजे तक कार्य पूर्ण नहीं होते हैं तो कार्यों के पूर्ण होने तक शिविर चलेगा। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में सभी 16 विभागों की स्टॉल सुबह 10 बजे तक हर हाल में लग जाए। अगर स्टॉल नहीं लगी तो संबंधित विभाग के जिला स्तरीय



**बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने शिविर की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।**

अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार होंगे। साथ ही कहा कि शिविर में संबंधित विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी को जाना सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर ने कहा कि शिविरों में सभी विकास अधिकारी उन मनरेगा मजदूरों का श्रम कार्ड और टूल किट के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें। जिन्होंने मनरेगा में 90 दिन पूरे कर लिए हैं। साथ ही कहा कि सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के अधिकारी सभी ई-मित्रों को ई-श्रम कार्ड बनवाने के लिए निर्देशित करें। साथ ही गांव के लोगों को मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना से भी जोड़ें। शिविर के दिन ही ग्राम सभा का भी आयोजन कर लें ताकि उसी दिन म्यूटेशन भी कर सकें।

कलेक्टर ने बताया कि ग्रामीण सेवा शिविर के अंतर्गत प्रथम सप्ताह में शिविरों का आयोजन बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार (दिनांक 17,18,19 एवं 20 सितम्बर 2025) को किया जायेगा। जिले की प्रत्येक तहसील की 02-02 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन होगा। दूसरे सप्ताह से ये शिविर प्रत्येक गुरूवार, शुक्रवार एवं शनिवार को सभी तहसीलों की दो-दो ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे।

अभियान की अवधि तब तक होगी जब तक कि प्रत्येक पंचायत समिति की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन ना हो जाये। ग्रामीण सेवा शिविर के तहत बुधवार को बीकानेर के पेमासर व बम्बलू, लूणकरनसर के शेखसर व मानफरसर, श्रीडूंगरगढ़ के बाना व कल्याणसर नया, कोलायत के रावनेरी व कोलायत, बज्जू के बीकमपुर व चारणवाला, खाजूवाला के सियासर चौगान व गुल्लूवाली, पूगल के 2 पीबी व पहलवान का बेरा, छतरगढ़ के महादेववाली व तख्तपुरा, नोखा के हियांदेसर व रोड़ा में तथा पांचू के पारवा व रासीसर पुरोहितान में शिविर आयोजित होंगे।

## सुराणा महावीर इंटरनेशनल के पुनः अध्यक्ष बने

**बीकानेर,** (कासं)। महावीर इंटरनेशनल बीकानेर के वर्ष 2025-27 के सत्र के लिए हुए चुनाव में वीर नरेन्द्र सुराणा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है।

चुनाव अधिकारी राजेश वैद की देखरेख में हुए चुनाव में सुराणा को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए पुनः अध्यक्ष चुना गया है। चुनाव अधिकारी ने इसके साथ ही कार्यकारिणी के लिए चुने गए 6 निदेशकों प्रवीण कुमार मित्तल, सुरेश गुप्ता, अजीत मल खजांची, कन्हैयालाल बोथरा, अमित डागा तथा सुरेन्द्र जैन के निर्वाचन की घोषणा की। निदेशकों का निर्वाचन भी निर्विरोध संपन्न हुआ।

गंगाशहर स्थित डागा गेस्ट हाउस में हुए कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेन्द्र सुराणा ने पिछले कार्यकाल में संस्था की ओर से करवाए गए सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए आशा व्यक्त की है कि माननीय सदस्यों के सहयोग से नए कार्यकाल में और अधिक जनहित के कार्य करवाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने पिछले कार्यकाल में सदस्यों के सहयोग के लिए आभार जताया तथा उम्मीद जाहिर की है कि सदस्यों का मार्गदर्शन इसी तरह मिलता रहेगा। सुराणा ने अपने निर्वाचन के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

केन्द्र के वरिष्ठ सदस्यों चम्पालाल डागा, डॉ धर्मचंद जैन, बच्छराज कोठारी, जयचंद डागा, सुमति लाल बांठिया, डॉ जे. एस. मेहता, कन्हैयालाल बोथरा, धर्मचंद सेठिया, सुरेश गुप्ता, जयचंद दफ्तरी आदि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया।

## सार-समाचार

### नर्सिंग हॉस्टल की व्यवस्थाएं जांची



**मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने नर्सिंग हॉस्टल व कॉलेज का निरीक्षण कर जायजा लिया।**

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने सोमवार को नर्सिंग कॉलेज एवं हॉस्टल का दौरा कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ ईएमडी इंचार्ज संजय तिवारी, श्रुति कुमारी और वार्ड इंचार्ज अनीता मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डॉ. सोनी ने बिजली, पेयजल, सुरक्षा और स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने ईएमडी इंचार्ज को खुले बिजली के तारों और अव्यवस्थित फिटिंग्स को तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल के लिए दो आरओ वाटर मशीनें तत्काल लगवाने का आदेश कॉर्डिनेटर को दिया। नर्सिंग छात्राओं ने हॉस्टल के कमरों के लिए नए गद्दों की मांग रखी। जिस पर प्राचार्य ने लेखा शाखा को शीघ्र गद्दे उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने हॉस्टल और कॉलेज परिसर में पौधरोपण की सलाह दी। हॉस्टल वार्डन ने बताया कि यह पहला अवसर है जब सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के किसी प्राचार्य ने नर्सिंग कॉलेज और हॉस्टल का निरीक्षण कर छात्राओं की समस्याओं को सुना और उनका त्वरित समाधान किया। डॉ. सोनी के इस दौरे से नर्सिंग छात्राओं में उत्साह का माहौल है और व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद जगी है।

### अभियंता डे पर 62 यूनिट रक्तदान



**अभियंता दिवस पर रक्तदान शिविर में अभियंताओं व कर्मचारियों ने रक्तदान किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। अभियंता दिवस (इंजीनियर्स डे) के अवसर पर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया। शिविर संयोजक अधिशाषी अभियंता बलबीर सिंह ने बताया कि शिविर पीबीएम अस्पताल के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश पुरोहित, अधीक्षण अभियंता खेमचंद सिंगारिया व चिकित्सा विभाग के डॉक्टर्स व कर्मचारियों द्वारा श्री मोक्षगुडंम विश्वेश्वरैया की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। शिविर में जलदाय विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वप्रेरणा से 62 यूनिट रक्तदान किया। अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश पुरोहित ने इस अवसर पर कहा कि अभियंता दिवस पर रक्तदान किया जाना सभी अभियंताओं के लिए एक गर्व की बात है। यह पुनीत कार्य जरूरतमंद के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभायेगा। अधीक्षण अभियंता खेमचंद सिंगारिया ने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जो किसी की जिदंगी बचा सकता है। सभी को एक वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान करना चाहिए। ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग, पीबीएम एवं संबद्ध चिकित्सालय वर्ग के शिविर प्रभारी डॉ. कुलदीप मेहरा ने बताया कि एक स्वस्थ आदमी को वर्ष में तीन बार रक्तदान करना चाहिए, जिससे कॉलोस्ट्रोल नियंत्रण में रहता है और उनके ह्दय रोग की संभावनाएं बहुत कम हो जाती हैं। रक्तदान से नई ब्लड सेल्स बनती हैं, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। शिविर संयोजक नगर वृत के अधिशाषी अभियंता बलबीर सिंह ने रक्तदान करने वाले सभी अधिकारियों और पीबीएम प्रशासन का आभार जताया।

### 'आडम्बर मुक्त साधना ही तपस्या'

**बीकानेर,** (कासं)। आचार्य महाश्रमण के आज्ञानुवर्ति उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनिश्री कमल कुमार के पावन सानिध्य में तप अभिनंदन समारोह का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर मुनिश्री कमल कुमार ने अपने उद्‌गार व्यक्त करते हुए फरमाया कि विनय-सारिका का जीवन साधनामय है। दोनों का नियमित प्रवचन सामायिक का क्रम देखकर मन प्रसन्न होता है। मासखमण करना कठिन है परंतु नियमित सामायिक प्रवचन में होना बड़ी बात है। विनय सरल सहिष्णु और विनम्र है। इसी प्रकार सारिका भी इन गुणों से सम्पन्न होने के कारण ही अपनी माता की सेवा के साथ बच्चों में अच्छे संस्कार देखने मिलते हैं। कल दोनों बच्चों ने सेवा की तब सब संस्कारों की जानकारी मिली भक्तामर प्रतिक्रमण में जो निपुण हो उसको सामायिक लेनी पाटनी क्या पूछे। विनय का मासखमण सबके लिए प्रेरणा है। आडम्बर मुक्त साधना युक्त तपस्या ही वास्तव में तपस्या होती है। संयोग से प्रियंका रांका ने भी तपस्या प्रारंभ कर रखी है।

# संविदा नर्सिंगकर्मी को गिरफ्तार करने पर थाने में हंगामा

**बीकानेर,** (कासं)। पीबीएम अस्पताल में नर्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रविन्द्र गोदारा के खिलाफ पुलिस कार्रवाई ने पीबीएम अस्पताल में हड़कम्प मचा दिया है। रविन्द्र गोदारा के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को गलत बताते हुए नर्सिंग कर्मियों के एक ग्रुप ने हड़ताल की चेतावनी दे दी है। पुलिस ने रविन्द्र को सदर थाने में रखा है, जहां लोग विरोध करने पहुंच गए हैं।

आज दोपहर में पुलिस ने रविन्द्र गोदारा को हिरासत में ले लिया था। इसके बाद से अस्पताल में नर्सिंग कर्मियों का एक ग्रुप विरोध कर रहा है। पुलिस का कहना है कि रविन्द्र को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। रविन्द्र के समर्थक नर्सिंग कर्मियों ने सदर थाने पहुंचकर भी हंगामा किया। इस दौरान पुलिस ने एक बार सभी को समझा बुझाकर थाने से निकाला है। लेकिन अस्पताल में पुलिस

■ **चार दिन पहले सीनियर नर्सिंग कर्मचारी के साथ झगड़े के बाद पीबीएम अस्पताल में नर्सिंग कर्मियों में विवाद होने पर थाने में रिपोर्ट दी गई थी**

की इस कार्रवाई के बाद नर्सिंग कर्मियों के हड़ताल जाने की चेतावनी दी गई है। इससे अस्पताल की सारी व्यवस्था बिगड़ सकती है। सदर थाना प्रभारी दिगपाल सिंह और जेएनवीसी थानाधिकारी सुरेन्द्र पचार ने पीबीएम अस्पताल पहुंचकर रविन्द्र गोदारा को हिरासत में लिया था।

अखिल भारतीय सेवारत नर्सेज संघ ने एक पत्र जारी करके बिना किसी सूचना के हिरासत में लेने को गलत बताते हुए पुलिस कार्रवाई की निंदा की है। करीब चार दिन पहले सीनियर नर्सिंग कर्मचारी के साथ झगड़े के बाद पीबीएम अस्पताल में नर्सिंग कर्मियों में विवाद हो गया। एक सीनियर नर्सिंग कर्मी के साथ हुए इस झगड़े के बारे में सदर पुलिस को रिपोर्ट दी गई थी। जिनके साथ मारपीट हुई। उन्होंने संविदा पर लगे रविन्द्र पर आरोप लगाते हुए सेवा से हटाने की मांग की थी। जिसके बाद रविन्द्र को यहां से हटाकर सीएमएचओ ऑफिस भेज दिया गया। जहां से वापस पीबीएम अस्पताल के लिए भेजा गया। एक पक्ष का तीन घंटे का कार्य बहिष्कार कर रविन्द्र पर कार्रवाई की मांग कर रहा है। वहीं दूसरा ग्रुप रविन्द्र के साथ खड़ा है। ऐसे में अस्पताल में नर्सिंग कर्मी ही दो गुटों में विभक्त हो गए हैं।

## सेवा पखवाड़ा की कार्यशाला संपन्न

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी बीकानेर शहर के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर के उपलक्ष में मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गंगाशहर मंडल की कार्यशाला सम्पन्न हुई।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्षा सुमन छाजेड़, विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर नारायण चौपड़ा तथा सेवा पखवाड़ा के जिला सह-संयोजक व जिला कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता गंगाशहर मंडल अध्यक्ष प्रकाश मेघवाल ने की।

सेवा पखवाड़े के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। मंडल स्तर पर इसे 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक उत्साह और जोश के साथ मनाने का आव्हान किया गया। 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री का जन्म दिवस, 25 को दीनदयाल उपाध्याय की जन्म दिवस और 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री का जन्म दिवस है।

# स्ट्रीट फूड बेचने वालों से झगड़ा, महिला से मारपीट

**बीकानेर,** (कासं)। ढोला मारू होटल के सामने स्ट्रीट फूड की एक दुकान पर युवक और महिला के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो सोशल मीडिया इनफ्लूंसर युवतियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

ये युवतियां मोनिका राजपुरोहित और कृष्णा राजपुरोहित है। दोनों के सोशल मीडिया पर लाखों की संख्या में फॉलोअर है। जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र के मरुधर नगर में रहने वाली रेखा सुखेजा ने सदर थाने में एफआईआर दी है। आरोप है कि बीकानेरी गर्ल नाम से सोशल मीडिया पर फेमस मोनिका राजपुरोहित और बीकानेरी क्विन नाम से फेमस कृष्णा के साथ दो युवक आये। शैलेन्द्र नामक एक युवक को भी इस मामले में नामजद किया गया है।

इन लोगों ने रेखा के बेटे अभिनव के साथ मारपीट की। पहले आपस में बोलचाल हुई और बाद में मारपीट कर

■ **पुलिस ने दो सोशल मीडिया इनफ्लूंसर युवतियों के खिलाफ मामला दर्ज किया**

■ **आपस में बोलचाल के बाद हुई मारपीट**

दी। चारों ने मिलकर शुभम के पैर व कमर पर डंडों से पिटाई की। वहीं रेखा के बाल खींचकर मारने की कोशिश की। देर रात शुभम को पीबीएम अस्पताल पहुंचाया गया। इस संबंध में थाने में मामला दर्ज हुआ है। मामले की जांच हैड कांस्टेबल अंजू को सौंपी गई है। इससे पहले भी मोनिका राजपुरोहित विवादों में रही है। हाल ही में जोधपुर में भी उसके साथ नेशनल हाईवे पर मारपीट का मामला सामने आया था।

# गोचर-ओरण बचाने 19 को धरना-प्रदर्शन

**बीकानेर,** (कासं)। गोचर ओरण बचाने के लिए 19 सितम्बर को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने पब्लिक पार्क में विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

गोचर ओरण संरक्षक संघ, बीकानेर जिला इकाई की ओर से बताया गया है कि बीकानेर विकास प्राधिकरण द्वारा बीकानेर क्षेत्र की शरह नथाणियां, भीनासर, गंगाशहर, उदयरामसर सहित 188 गांवों की गोचर भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है।

गोचर भूमि केवल जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि गो माता और असंख्य जीव-जंतुओं का जीवन आधार है। इस अधिग्रहण से न केवल हरियाली और पर्यावरण पर गहरा

■ **बीडीए बीकानेर के 188 गांवों की गोचर भूमि का अधिग्रहण कर रहा है**

संकट आयेगा, बल्कि हमारी संस्कृति और धरोहर पर भी सीधा आघात होगा। इसी गंभीर विषय पर इस महाअभियान के पोस्टर का विमोचन 14 सितम्बर को श्री मुरलीमनोहर धोरे पर संतों के पावन सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर कैलाश सोलंकी, हेमंत यादव, मनोज कुमार सेवग, यशवेंद्र चौधरी, सूरज प्रकाश राव, नरसिंहदास मिमानी, रामगोपाल अग्रवाल, निर्मल शर्मा, नवरतन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध

**अनूपगढ़,** (कासं)। स्मार्ट मीटर लगाने की सूचना मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने एईएन ऑफिस पहुंचकर विरोध जताया।

स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अनूपगढ़ क्षेत्र में कहीं भी स्मार्ट मीटर लगाया तो आंदोलन किया जायेगा। लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। एईएन मुकेश चौहान ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन लोग अपनी मांग पर अड़े रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एईएन कार्यालय के बाहर धरना दिया। कांग्रेस नगर मंडल अध्यक्ष कुलदीप गिल ने कहा कि सरकार स्मार्ट मीटर लगाकर आम जनता की जेब पर बोझ डाल रही है। किसान पहले से ही प्राकृतिक आपदा से पीड़ित है।

# गंगानगर की क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनरोद्धार करेंगे : बिहाणी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। विधायक जयदीप बिहाणी का कहना है कि अभी तक शहर की सड़कों की किसी ने सुध नहीं ली थी। लेकिन अब वे यह काम प्राथमिकता से करवा रहे हैं। आने वाली 31 दिसम्बर 2026 तक शहर के सभी सड़कें, चौराहे और सर्किल अमावस में भी पूर्णिमा की रात जैसी जगमगाहट होगी। उन्होंने कहा कि 2027 का वर्ष गंगनहर और श्रीगंगानगर की स्थापना का शताब्दी वर्ष होगा।

विधायक बिहाणी ने कहा कि श्रीगंगानगर के जन-जन ने गंगासिंह सिंह की सोच को मात्र एक चौक बनाने तक सीमित नहीं रखा बल्कि अलने दिलों में बसा रखा है। सुखाड़िया सर्किल चौक के पुनरोद्धार कार्य के

■ **बिहाणी ने कहा कि आने वाले दिनों में यहां महाराजा गंगासिंह की सवारी की झांकी भी दिखाई देगी**

लोकार्पण समारोह में विधायक जयदीप बिहाणी ने कहा कि यह गंगानगर के विकास की केवल झांकी है। विकास की गंगा आगे भी बहती रहेगी। इसे रूकने नहीं दिया जायेगा। बिहाणी ने कहा कि सुखाड़िया सर्किल पूर्व विधायक राधेश्याम के कार्यकाल की देन है। मगर समय में बदलाव को देखते हुए इसके स्वरूप में बदलाव किया गया है। आने वाले दिनों में यहां महाराजा गंगासिंह की सवारी की झांकी भी दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ माह में ही गंगानगर की क्षतिग्रस्त सड़कों का भी पुनरोद्धार किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि विकास के कार्यों में आम नागरिकों के साथ-साथ वे व्यापार मंडल और अन्य संस्थाओं को भी सहयोग चाहते हैं। विधायक ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में करोड़ों रूपये की संपत्ति आज भी औने-पौने कोनों में पड़ी है। जो नगर परिषद के रिकॉर्ड में नहीं है और लोगों ने उसे समेटने के लिए छिपाए रखा। लेकिन इसे समेटने नहीं देंगे।

# सेवारत शिक्षकों पर हाईकोर्ट के निर्णय शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य का विरोध

**बीकानेर,**(कासं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आव्हान पर 01 सितम्बर 2025 को उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय पर तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग को लेकर राज्य व्यापी आंदोलन के क्रम में शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई एवं जिलाध्यक्ष मोहनलाल भादू के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का ज्ञापन दिया।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला मंत्री नरेन्द्र आचार्य ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के इस निर्णय के अनुसार कक्षा आठ तक पढ़ाने वाले सभी सेवारत शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य कर दी गई है, चाहे उनकी नियुक्ति की तिथि कुछ भी रही हो। यह स्थिति देशभर के लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और आजीविका



**अतिरिक्त जिला कलेक्टर को प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई एवं जिलाध्यक्ष मोहनलाल भादू के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का ज्ञापन दिया।**

को संकट में डाल सकती है। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि आरटीई अधिनियम 2009 एवं एनसीटीई की अधिसूचना 23 अगस्त 2010 के अनुसार दो अलग-अलग श्रेणियां मान्य थी। एक

■ **कक्षा आठ तक पढ़ाने वाले सभी सेवारत शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य कर दी गई है, चाहे उनकी नियुक्ति की तिथि कुछ भी हो**

2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षक, जिन्हें योग्य माना गया और टीईटी से छूट दी गई थी तथा दूसरा वर्ग जो 2010 के बाद नियुक्त शिक्षक, जिन्हें एक निश्चित अवधि में टीईटी उत्तीर्ण करना आवश्यक था। लेकिन न्यायालय के इस निर्णय ने इस भेद को अनदेखा कर दिया है, जिससे 2010 से पूर्व वैध रूप से नियुक्त शिक्षकों की सेवा भी असुरक्षित हो गई है।

## गंगाशहर में रक्तदान शिविर कल

**बीकानेर,** (कासं)। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में तेरापंथ युवक परिषद, गंगाशहर 17 सितम्बर को आशीर्वाद भवन, गंगाशहर के प्रांगण में प्रातः 9 बजे से 4 बजे तक मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का आयोजन करने जा रही है।

गंगाशहर परिषद अध्यक्ष ललित राखेचा ने बताया कि इस हेतु युवक परिषद और किशोर मण्डल के 150 से अधिक कार्यकर्ता रक्तदाताओं से संपर्क और जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार के सघन अभियान में सक्रियता से जुड़े हैं। मंत्री मांगीलाल बोथरा ने बताया कि इस क्रम में विभिन्न सेवार्थ, सामाजिक, राजनीतिक, संगठनों, विभिन्न क्षेत्र के ख्यातनाम व्यक्तित्व से संपर्क किया गया है। मानव सेवा के इस महा अभियान से सभी सकारात्मक रूप से जुड़ रहे हैं और अन्य को भी जोड़ रहे हैं। इस वृहद आयोजन में मदनलाल, महावीर कुमार बोथरा परिवार का सहयोग मिला है।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 14.09.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 7 के किला नं. 10 में भूखण्ड संख्या का माप 20 गुणा 70 फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री योगेश जिदंल पुत्र श्री विनोद जिंदल निवासी मकान नं. 03/302 शंकर कॉलोनी सी जी आर के सामने हनुमानगढ रोड श्रीगांगनगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री योगेश जिदंल पुत्र श्री विनोद जिंदल निवासी मकान नं. 03/302 शंकर कॉलोनी सी जी आर के सामने हनुमानगढ रोड श्रीगांगनगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 7 के किला नं. 10 में भूखण्ड संख्या का माप 20 गुणा 70 फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। Rajkaj Ref. No. 17718220 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 14.09.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 7 के किला नं. 01,10 में भूखण्ड संख्या का माप 20 गुणा 70 फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती पूनम रानी पत्नी श्री विशाल सेठी निवासी मकान नं. 06-बी-20 जवाहर नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती पूनम रानी पत्नी श्री विशाल सेठी निवासी मकान नं. 06-बी-20 जवाहर नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 7 के किला नं. 01,10 में भूखण्ड संख्या का माप 20 गुणा 70 फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। Rajkaj Ref. No. 17718013 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 14.09.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में 04 एमएल मुरब्बा नं. 28 के किला नं. 18 में व्यवसायिक भूखण्ड सं. 133 माप 12 इन्टू 50 फीट का नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा पटटा संख्या 4302 दिनांक 02.08.2007 को श्री सतीश अग्रवाल पुत्र श्री साधू राम अग्रवाल के नाम से जारी किया हुआ है। श्री विपिन कुमार बसंल पुत्र श्री बनारसी दास निवासी हाउस नम्बर 440, हॉमलैण्ड सिटी, श्रीगंगानगर द्वारा पंजीकृत बैयनामें दिनांक 03.03.2011 को क्रय कर, स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे, नामान्तरण एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 17750914 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 14.09.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में 04 एमएल मुरब्बा नं. 42 के किला नं. 05 में आवासीय भूखण्ड माप 25 इन्टू 51 फीट का नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा पटटा संख्या 4651 दिनांक 02.08.2007 को श्री संजीव मित्तल पुत्र श्री मेघराज मित्तल के नाम से जारी किया हुआ है। श्रीमती स्वाती बसंल पत्नी श्री विपिन कुमार बसंल निवासी हाउस नम्बर 440, हॉमलैण्ड सिटी, श्रीगंगानगर द्वारा पंजीकृत बैयनामें दिनांक 03.03.2011 को क्रय कर, स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे, नामान्तरण एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 17750806 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर